हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

आने वाला समय संचार क्रांति का, इंटरनेट ... 12


पटवारी संघ का 32 सूत्रीय माँगों पर हड़ताल ... 12




## खबर संक्षेप



### दुर्गूकोंदल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत प्राशा में शाला प्रवेश उत्सव व पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया एंव शिक्षा के बारे मे चर्चा किया गया। शाला प्रबंधन एंव विकास समिति के अध्यक्ष फुल सिंग मंडावी, उपाध्यक्ष पवन कोमरा, मुकेश देवांगन, मुकेश साहु, राकेश साहु, यमुना देवांगन, लक्ष्मी यादव, मधु कोर्राम, चैतराम उसेंडी, बिरबल दुग्गा, हीरा लाल दुग्गा, शिक्षक महेश कुमार दीवान, सावित्री मंडल, रेशमा कार्के, मंजुषा मिंज, दीक्षा रात्रे व पालक गण उपस्थित रहे।

### शराब पीने की सुविधा देने पर पुलिस कार्रवाई

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत आरोपी तुएगहन निवासी 43 वर्षीय दीनूराम उसेण्डी पिता देवजी अपने घर आंगन में शराबियों को शराब पिलाने संसाधन उपलब्ध कराने की जानकारी मिलने पर छापामार कार्यवाही 12 जुलाई को किया गया। आरोपी के कब्जे से 01 नग स्पेशल गोवा और एक नग स्टील गिलास जप्त कर धारा 26 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

### युवक ने पेड़ पर फांसी लगा की आत्महत्या

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत ग्राम डुवा 48 वर्षीय रामसाय बोगा ने पुलिस को बताया कि मेरा बेटा 26 वर्षीय दानेश्वर कुमार बोगा विगत 10 से 12 दिनों से हालत ठीक नहीं थी और पागल की तरह हरकत करता था। 12 जुलाई को नर्सरी जंगल डुवा में गमछा से मोधे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने शिकायत पर मर्ग कायम कर पंचनामा का शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। मामले की विवेचना जारी है।

# ई मेल पर मारपीट की मिली शिकायत, कांकेर थाना में दर्ज हुई पहली ई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नए कानून लागू होने के 13 वें दिन कांकेर थाना को ई मेल से पहली शिकायत मिली और उस शिकायत के आधार पर जिले की पहली ई एफआईआर कांकेर थाना में दर्ज हुई। हरिभूमि ने दो दिन पहले ही बताया था कि अभी तक एक भी ई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। पुलिस विभाग लगातार नए कानून के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए पहल कर रहा है, उसी का प्रतिफल है कि कांकेर थाना में 13 जुलाई को पहली ई एफआईआर दर्ज हुई।

कांकेर थाना से मिली जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को थाना कांकेर के शासकीय मेल आईडी एसएचओ-कांकेरडाँटसीजी @ जीओवीडाँटइन में डेमेंद्रराम750@जीमेंलडाँटकाँम के मेल से 13 जुलाई को शिकायत मिली। कांकेर थाना पुलिस ने आवेदन पत्र का अवलोकन पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 296, 351 (2), 3 (5) बीएनएस का घटित होना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आवेदन में लिखा था कि मै कुमार मंडावी पिता दौलत राम मंडावी निवासी जवाहर वार्ड में रहता हूँ और एमए की पढ़ाई करता हूं । मैं 11 जुलाई की रात लगभग साढ़े 8 बजे मेरी माँ सावित्री मंडावी के साथ महेश्वर सलाम, महेश्वरी सलाम और विष्णु सलाम तीनो भाई बहन के द्वारा एक राय होकर गाली गलौज किए है एवं मारने पीटने का धमकी दिए है। मेरे द्वारा मना करने पर तीनों आरोपियों ने मेरे को गाली देते हुए जान से मारने व पीटने की धमकी दिए है घटना को योगेश कुमार बघेल निवासी संजयनगर , अरूण कुमार पटेल निवासी सरंगपाल देखे है।

### आमजन को जागरूक करने की पहल जारी




#### तीन दिनों में एफआईआर पर हस्ताक्षर करना जरूरी

कांकेर थाना के सब इंस्पेक्टर मनोरथ जोशी ने बताया कि मेरी ड्यूटी के द्वारा थाना के शासकीय मेल में शिकायत मिली थी और शिकायत के आधार पर प्रथम दृष्टया आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 3 (5) बीएनएस का मामला घटित पाएं जाने पर अपराध दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता शिकायत करने के तीन दिन के अंदर एफआईआर में हस्ताक्षर करेगा, उसके उपरांत मामले की जाँच शुरू हो जाएगी। कांकेर थाना में यह पहली ई एफआईआर है, जो दर्ज हुई है।

**श्रमदान :** अधिकारी, नगर सैनिक और शहरवासियों में श्रमदान करने को लेकर दिखा उत्साह

# श्रमदान से 21 दिनों में डढ़िया तालाब की 60 प्रतिशत जलकुंभी हुई साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

डढ़िया तालाब को जलकुंभी मुक्त करने के लिए प्रत्येक शनिवार को कलेक्टर सहित सभी जिलाअधिकारी पहुँच रहे है वहीं अन्य दिनों में विभिन्न संगठन के लोग पहुँच रहे है। समाज के लोग भी अब श्रमदान के लिए सामने आ रहे है। प्रतिदिन एक से दो घंटे श्रमदान करने के लिए लोग सामने आ रहे है, उसी का परिणाम रहा कि डढ़िया तालाब की 60 प्रतिशत जलकुंभी हट चुकी है।

- विधायक की अपील - तालाब की सुरक्षा करें, साफ रखें और कचरा न डालें





डढ़िया तालाब को जलकुंभी मुक्त अभियान में 13 जुलाई शनिवार को विधायक आशाराम नेताम, कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर और उनके जिले के सभी अधिकारी लगभग 2 घंटे तक डटे रहे। जलकुंभी मुक्त तालाब बनाने को लेकर जिस तरह का अभियान 21 दिनों से चल रहा है, उससे यह अब तय है कि तालाब जलकुंभी मुक्त होगा और तालाब में कचरा न डाला जाएं, इसके लिए भी इंतजाम करने पर विधायक ने उपस्थितजनों से चर्चा किया। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि शहर के मध्य में बहुत सुंदर तालाब है और इसमें लोग कचरा डालते है, यह शहर के लोगों के लिए तालाब है, इसमें कचरा डालना बंद करे। शहर की सुंदरता बनाने के लिए शहर के लोगों को सामने आना चाहिए। विधायक ने पार्षद जयंत अटभैया और अरूण कौशिक से गंदा पानी जो तालाब में आता है, उसके लिए चर्चा किया। गंदे पानी को साफ करके तालाब में जाएं, ऐसी व्यवस्था करने पर चर्चा किया गया।

#### कलेक्टर ने समाज से की अपील

कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने कहा कि शहरवासियों ने तालाब को जलकुंभी मुक्त करने का जो अभियान चलाया है, वो काबिले तारीफ है। 21 दिन में 60 प्रतिशत जलकुंभी निकल चुकी है और 40 प्रतिशत जलकुंभी भी जल्द निकल जाएगी। जिले के सभी संगठनों व समाज से मेरी अपील है कि जलकुंभी मुक्त तालाब के लिए श्रमदान करें, जिससे तालाब जलकुंभी मुक्त हो सके।

#### शनिवार को अफसरों की टीम ने कई घंटों किया श्रमदान

जलकुंभी हटाने के लिए 13 जुलाई को अफसरों और शहर के लोगों की टीम मरीन ड्राईव घाट और वंदेमातरम घाट में कई घंटे तक डटी रही। एडीएम सुखनाथ अहिरवार, ईई पीडब्ल्यूडी दीवान, जिला आबकारी अधिकारी क्रिस्टोफर खलखो, खाद्य अधिकारी जन्मेजय नायक, खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा, उद्यान विभाग उपसंचालक करन सोनकर के अलावा कलेक्टोरेट का स्टाप, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, अविनाश नेगी, अजय मोटवानी, विजय लक्ष्मी कौशिक, उगेशवरी उइके, टेश्वर जैन, अशोक राठी, संजय सिन्हा, गिरधर यादव, वैभव कौशिक, निर्मल माहेश्वरी, गुलाब गोलानी, चित्ररेखा जैन व अन्य लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# दुर्घटना रोकने शहर के मुख्य मार्गो पर लगाए गए स्टापर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस ने शहर के घड़ी चौक, कन्या शाला, सेंट माइकल स्कूल के पास स्टेपर लगाया गया। शहर के सिटी सेंटर मॉल के गेप को डिवाइडर के पास से यातायात पुलिस ने ब्लॉक कर दिया है। शनिवार 13 जुलाई को नाबालिक बच्चे दो पहिया वाहन लेकर स्कूल से आ रहे थे, उनको रोककर उनके पालकों को बुलाकर समझाईश दिया गया।

यातायात पुलिस सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए एवं जागरूकता लाने के लिए समय-समय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते रहता है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर अंधेरा होते ही आवारा मवेशियों का जमावड़ा हो जाता है, जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस लगातार वाहन चेकिंग कार्रवाई के साथ-साथ सड़क पर मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांध रहे है, जिससे अंधेरे में रोड किनारे या रोड पर मवेशि वाहन चालकों को आसानी से दिख सके और रात्रि में मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। यातायात प्रभारी दीपक साव ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शहर में चार स्थानों घड़ी चौक, कन्या शाला, सेंट माइकल स्कूल और सिटी सेंटर के पास स्टाँपर लगाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की व्यवस्था किया है। यातायात पुलिस ने जिन स्थानों पर स्टाँपर लगाया है, उन स्थानों पर विगत दिनों कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। युवक कांग्रेस ने भी इन स्थानों पर लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पहल करने ▶▶| शेष पेज 10 पर

# यादव समाज की बैठक में छात्रों को पेन- कापी बांटी

**कांकेर।** यादव समाज की मासिक बैठक टिकरापारा में स्थित सामाजिक भवन में हुई, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए समाज के बच्चों को काँपी व पेन बाँटकर उत्साहवर्धन किया गया।

- समाज की मासिक बैठक में विभिन्न विषयों पर की चर्चा



आयोजित बैठक में यह बात सामने आई कि यादव समाज का भवन बारिश के दौरान सीपेज होने लगा है, उसके मरम्मत को लेकर शासन व प्रशासन से चर्चा करने का निर्णय लिया गया। गिरधर यादव ने कहा कि हम सरकार से यादव भवन के ऊपर छात्रावास की मांग करेंगे, क्योंकि शहर के बीचों बीच भवन है। जिले के दूरदराज गांव से आने वाले छात्र जो शहर आकर पढ़ाई करने आते है, उनके रूकने के लिए समाज का कोई उचित स्थान नहीं है। समाज के छात्रों को किराए पर रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यादव भवन के ऊपर छात्रावास का निर्माण कर दिया जाए, तो भवन भी सुरक्षित हो जाएगा और पढ़ने वाले बच्चों को रहने की व्यवस्था हो जाएगी।बैठक में अन्य सामाजिक चर्चा किया गया। जन्माष्टमी पर्व के चर्चा के लिए 14 जुलाई रविवार को शाम 7 बजे बैठक रखी गई है, जिसमें सभी कांकेर में निवासरत यादव बन्धुओं व मातृ-शक्तियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजित बैठक में तीजु यादव, रोहित यादव, चिन्टू यादव, बल्लू यादव, शिवचरण यादव, संजय यादव, रुपेश यादव, लक्ष्मीकांत, रमाकांत ▶▶| शेष पेज 10 पर

# चारामा के सप्ताहिक बाजार के मंडी गेट से बाइक की चोरी

**कांकेर।** मरकाटोला में रहने वाले युगल चारामा के सप्ताहिक बाजार में सब्जी व अन्य सामान खरीदने पहुँचे थे। मोटर सायकल को मंडी गेट के पास बरदग पेड़ के नीचे खड़ी कर दिया था। अज्ञात चोरों ने दिनदहाडे बाजार स्थल से मोटर सायकल को ले उड़े। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दिया है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुँचे 22 वर्षीय युगल किशोर कांगे पिता भागवत कांगे ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम मरकाटोला पो. मयाना तह. चारामा का निवासी हूँ। मैं 11 जुलाई को चारामा का साप्ताहिक बाजार में अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीटी 4281 स्पेलेन्डर प्लस से लगभग दोपहर




1 बजे आया था । चारामा पंहुचकर अपनी मोटर साकयल को मंडी गेट के पास बरगद झाड के नीचे खडा कर बाजार में सब्जी एवं अन्य आवश्यक सामाग्री खरीदने गया था। बाजार से सामाग्री खरीदने के बाद लगभग साढ़े 4 बजे जब मैं वापस मंडी गेट के पास रखे अपने मोटर सायकल के पास आया, तो देखा कि मेरी मोटर सायकल मेरे रखे हुए स्थान पर नही थी, तब मैं आसपास अपनी मोटर सायकल की पता तलाश किया, जिसका ▶▶| शेष पेज 10 पर

# कार की ठोकर से स्कूटी सवार यू ट्यूबर की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** शहर के सिटी सेंटर के पास 8 जुलाई को लापरवाह कार चालक ने स्कूटी पर सवार यू टूबर को अपनी चपेट में ले लिया था। एक्सीडेंट की शिकार हुई यू टूबर के भाई 13 जुलाई को कांकेर थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। कांकेर थाना में 13 जनवरी को शिकायत करने पहुँचे मोहपुर के तालाबपारा निवासी 34 वर्षीय इंदेश वट्टी पिता नंदूराम वट्टी ने पुलिस को बताया कि मेरी छोटी बहन इंदू वटटी जो यूटूबर थी, वह 6 जुलाई को रात साढ़े 9 बजे फिल्म देखने स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीएल 7480 से सीटी सेंटर जा रही थी, तभी सीटी सेंटर के सामने



मेन रोड में सेलेरियों कार क्रमांक सीजी 19 बीपी 4829 का चालक अपने कार को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए इंदू वट्टी की स्कूटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे इंदू वटटी स्कूटी से गिर गई, गिरने से उसके सिर एवं हाथ पैर में चोट लगी। घटना को सैययद समीर अली एवं अन्य लोग देखे व जानते है, जो घायल इंदू वटटी को कांकेर अस्पताल ले जाकर ईलाज के लिये भर्ती कराए। चिकित्सकों ने प्रारंभिक जाँच के उपरांत घायल यू टूबर को रायपुर रिफर कदर दिया और रायपुर में ईलाज के दौरान 8 जुलाई की रात पौने 8 बजे मृत्यु हो गई, जिसका पोस्ट मार्टम केडीएस अस्पताल रायपुर में हुआ। मेरी बहन को लापरवाही पूर्वक कार चलाकर एक्सीडेंट करने वाले सेलेरियों कार क्रमांक सीजी 19 बीपी 4829 के चालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की माँग किया। प्रार्थी की मौखिक रिपोर्ट पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

**वाट्सएप नंबर पर बातचीत से खेल जारी**

# चाराम इलाके के सटोरिए भूमिगत पुलिस ने पैंतरा बदला, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा ईलाके में सट्टा खिलाने वाला खाईवाल भूमिगत हो चुके है। चारामा पुलिस सटोरियों को सरगर्मी के साथ तालाश करने में जुटी है। सट्टे का खाईवाल नररू के खिलाफ चारामा थाना में आधा दर्जन के आसपास मामले दर्ज है, इसका सबसे विश्वसनीय राईट हैंड जो सभी को पैसा बांटकर हिसाब रखता है, वो राजनैतिक पार्टी के युवा विंग का सदस्य व पदाधिकारी है, उसी की धौंस दिखाकर सट्टा खिला रहा था। सरकार बदलने के बाद भी उसके सट्टे का खेल जोरों पर चल रहा था। चारामा पुलिस उसकी सरगर्मी से खोजबीन करने में जुटी है।


हरिभूमि
चारामा इलाके में रोज 5 लाख का सट्टा
पुलिस की चुप्पी से अपराध में इजाफा

जानकारी के अनुसार चारामा ईलाके में सट्टा का खेल का नेटवर्क बहुत बड़ा फैला हुआ है। सट्टा खिलाने वाले अभी पूरी तरह से भूमिगत होकर नौ दो ग्यारह हो गए है, वहीं उनके अभी वाट्सएप नंबर चल रहे है। वाट्सएप नंबर से ही सटोरियों से बातचीत हो रही है। जानकारी के अनुसार नररू के खिलाफ चारामा थाना में आधा दर्जन के आसपास मामले दर्ज है, उसका वास्तिवक नाम जिम्मेदार उजागर नहीं कर रहे है। हरिभूमि में समाचार प्रमुखता से प्रकाशित होने के उपरांत चारामा से कई जिम्मेदार नागरिक व जनप्रतिनिधियों ने वाट्सएप में हरिभूमि को मैसेज किया कि इस खेल को पूरी तरह से बंद कराना जरूरी है, कई लोग इस खेल के चक्कर में जान गंवा चुके है। मुख्य खाईवाल नगर में पाँच परसेंट में सूदखोरी का भी काम करता है। खाईवाल नररू को सबसे करीबी टुक्कू से उसके कांग्रेसी साथियों ने हरिभूमि में समाचार छपने के बाद हालचाल जाना तो उसका कहना था कि हमारा नाम तो ठीक है, परंतु अधिकारी के नाम के लिख देने से गड़बड़ हो गया। उसने पूछा कि कौन अधिकारी है, तो उसने ज्यादा बात नहीं किया। यह तो तय है कि सट्टे का मकड़जाल बहुत बड़ा फैला हुआ है, इस खेल में कुछ राजनैतिक पार्टी के लोग ही जुड़कर संरक्षण देकर इस खेल को खिलाने में लगे है।

चारामा ईलाके का खेल उजागर होने के बाद हरिभूमि को नरहरपुर थाना ईलाके में मुंडी वाला खेल जंगलो में चल रहा है, इसकी खबर आई है, परंतु विस्तृत जानकारी अभी तक हरिभूमि को नहीं मिली है। विस्तृत जानकारी मिलने के उपरांत इस खेल में संलिप्त जुआ खिलाने वाले और संरक्षण देने वाले चेहरे उजागर हो सकते है। संरक्षण देने वालों को कितना मिलता है, इसकी एक अस्पष्ट रिकाडिंग ▶▶| शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
निःशुल्क निःसंतानता स्वास्थ शिविर
आपके शहर भानुप्रतापपुर में छ.ग. के वरिष्ठ निःसंतानता विशेषज्ञ

डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी
MD (Obs&Gynae), FICOG,
Dip. In ART (Germany), Infertility Specialist
वरिष्ठ निःसंतानता एवं महिला रोग विशेषज्ञ

स्थानः-ट्रिनिटी हेल्थ क्लिनिक (डॉ.माधुरी), गोंडवाना भवन (बी एस एन एल कार्यालय) के पास, संबलपुर ओवरब्रिज, बास स्टेंड के आगे भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर (छ.ग.)
दिनांकः- 20 जुलाई- 2024 (शनिवार) समयः सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक
- आई.वी.ऍफ. (टेस्ट-ट्यूब बेबी गर्भाधान)
- आई.यू.आई. (कृत्रिम गर्भाधान)
CSEB, CISF, CRPF, CGHS, ESIC एवं आयुष्मान भारत के मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें:- 8120991117

Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9238175001 / 9238175002
www.smchospital.in

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला प्रांगण में किया गया पौधारोपण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत प्राथमिक शाला पेड़ावारी के प्रधानाध्यापक निर्भय कोवाची के जन्म दिवस पर शाला में एक पेड़ मां के नाम पर पर्यावरण संरक्षण संवर्धन प्रबंधन एवं विकास के नाम पर स्कूल में फलदर एवं छायादार पौधे बादाम, मुनगा, कटहल, नींबू, अशोक पेड़ रोपे गए एवं स्कूल में नेवता भोजन कराया गया। इस अवसर पर शिक्षक लच्छन रावटे, शांति गावड़े, पुनीता भुआर्य, यमुना, हेमलता कोरेटी, सोमनाथ कोरेटी, संतोष पुरामे, सुरेश कुलदीप, जमुना, सनोतिन, हेमलता कोरेटी, वेद कोर्राम स्कूल के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल दसपुर में सायकिल वितरित



**दसपुर।** शासकीय हाई स्कूल दसपुर में 12 जुलाई को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया, छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 100%रिजल्ट हेतु सम्मान एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें ग्राम सरपंच आशो बाई साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य जी आर साहू, आर पी साहू, रायसिंह मरकाम, तुलसी राम सोनी, प्राचार्य जगरानी तिर्की सुनानी, संकुल समन्वयक महेंद्र कुमार मंडावी सभी व्याख्याता श्रीमती रिजवाना कुरैशी, जया गौतम, नजमा कुरैशी, कामिनी नरेटी, शैलेश कुमार जायसवाल, भूपेंद्र कुमार साहू एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### एकलव्य विद्यालय में किया गया पौधारोपण



**दुर्गुकोंदल।** संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के तहत छायादार व फलदार पौधे स्कूल परिसर में रोपे गए। वृक्षारोपण से पर्यावरण संवर्धन विकास वातावरण और मानव जीवन में वृक्षों के महत्व विषय पर परिचर्चात्रों के बीच में किया गया। प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए स्वस्थ जीवन के लिए वृक्षारोपण और स्वच्छ पर्यावरण को आवश्यक बताया और समय समय पर वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। एक पेड़ मां के नाम यहां अभियान चलाया जा रहा है एवं इस अवसर पर सभी छात्र छात्राओं के साथ प्राचार्य व समस्त शिक्षक चेतन कुमार तोमर, मीनू रानी, मधुश्री ठाकुर, सुनील कुमार, राकेश कुमार, निर्मल कुमार अग्रवाल, सुमित कुमार, सलाहुद्दीन, शिखा झा, धर्मेंद्र सहरावत, दीप्ति, रीतू देवी, चक्रवर्ती यादव, दीपक जैन, आर्यन सिन्हा, अंकुर कुमार उपस्थित रहे।

# शैक्षणिक संस्थाओं में ड्रेस कोड का हो कड़ाई से पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनौरा



केशकाल मे सर्व हिन्दूसमाज बजरंगदल व विद्यालय पालक परिवार की ओर से केशकाल के अनुविभागीय कार्यालय मे आवेदन देकर केशकाल नगर की सभी शासकीय अर्धशासकीय विद्यालयो मे ड्रेस कोड का कडाई से पालन करवाने का आग्रह किया। सर्व हिन्दूसमाज व बजरंगदल से जुडे स्वयंसेवी कार्यकर्ता नीरज अग्निहोत्री ने बताया कि हाल के कुछ वर्षो से केशकाल नगर के विभीन्न शासकीय अर्धशासकीय विद्यालयो मे एक धर्म विशेष के छात्राओ द्वारा अपने धार्मिक पहचान हिजाब के साथ विद्यालय आने का चलन बढा है, इस विषय को लेकर सर्व हिन्दूसमाज बजरंगदल व विद्यालय मे अध्ययनरत विद्यार्थीयो के पालको ने चिंता व्यक्त करते हुवे इस कट्टरपंथी सोंच को शासन प्रशासन के द्वारा शह ना देने की अपील की है, अभी वर्तमान मे यह देखा जा रहा है कि केशकाल के तमाम शासकीय अर्धशासकीय विद्यालयो मे धार्मिक पहचान के साथ आने वाले छात्राओ के प्रति नजरअंदाज का रुख अपनाया है और इसे बहुत ही हल्के ढंग से लिया जा रहा है जबकि केशकाल के तमाम शिक्षण संस्थानो मे अध्ययनरत अन्य धर्म से जुडे विद्यार्थीयो व उनके पालको व नगर के समाजिक धार्मिक संगठन लगातार इस विषय पर अपनी आपत्ति उठा रहे हैं परन्तू प्रथम बार लिखीत रुप से प्रशासन के सामने यह मामला लाया गया है आवेदन मे सर्व हिन्दूसमाज बजरंगदल व पालक परिवार ने कार्रवाई ना होने की स्थिति मे लोकतांत्रिक ढंग से अपना विरोध प्रदर्शन करने का मन भी बना लीया है, अब देखना है प्रशासन इस विषय पर क्या कार्रवाई करता है?

### अपराध : पुलिस ने आरोपी को कानपुर से किया गिरफ्तार

# इंस्टाग्राम में दोस्ती की एवं शादी का झांसा दिया घर में किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



इंस्टाग्राम में दोस्ती कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । फरसगांव पुलिस ने आरोपी को कानपुर शहर से गिरफ्तार किया है। फरसगांव एडसीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली प्रार्थीयां ने 16 जून को थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाया की एक वर्ष पूर्व 2023 के जुलाई महीने में इंस्ट्राग्राम के माध्यम से एक युवक से दोस्ती हुई उसने अपना नाम अजय समरथ बताया, दोनो के बीच दोस्ती हुई फिर धीरे धीरे बात करते करते दोनो एक दूसरे को पसंद करने लगे और प्यार हो गया।

#### युवती के घर आकर किया दुष्कर्म

इसी दौरान युवक एक दिन अक्टूबर महीने में युवकी के घर आ गया उस दिन युवती के अलावा घर पर कोई नही थे इसी बात का फायदा उठाकर युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती के विरोध करने पर शादी करने की बात कहते हुए कई बार दुष्कर्म किया और चला गया,धीरे से वह बात करना बंद कर दिया और शादी करने से मना कर दिया। प्रार्थीया की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 376 , 417 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया।

#### आरोपी इस्तयाक कुरैशी अजय समरथ के नाम पर करता था बात

कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर फरसगांव थाना पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश हेतु कानपुर टीम रवाना की गई है । आरोपी युवक की तलाश करते हुए आरोपी युवक अजय समरथ उर्फ इस्तयाक कुरैशी पिता शहीद सहजाद कुरैशी को उत्तरप्रदेश के कानपुर जिले के थाना महाराजपुर नौगवा गौतम गांव से गिरफ्तार किया गया साथ ही उसके कब्जे से मोबाइल फोन भी जप्त किया गया। आरोपी को फरसगांव थाने लाकर पूछताछ करने युवक ने अपना जुर्म कबूल किया। जिसके बाद पीड़ति को वीडियो कॉल के माध्यम से आरोपी की पहचान करवाया गया । आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही कर शनिवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर जेल भेजा गया । इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी नरेश कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक राजीव गोटा, अजरंग बघेल, फ्ररसु मरकाम की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

# नेशनल लोक अदालत सुलभ न्याय की पहल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



अभूतपूर्व महत्वपूर्ण घटना में, कोंडागाव में नेशनल लोक अदालत का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को उच्च न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें न्यायमूर्ति संजय कुमार जयस्वाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने इस मौके पर न्याय की महत्वपूर्णता पर बात की और अदालती सुधारों के लिए समर्पण व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रें से विशेषज्ञ और कानूनी विशेषज्ञ मौजूद रहे, जिन्होंने अपने दृष्टिकोण से अदालती प्रक्रियाओं में सुधार को बढावा दिया। इस समारोह ने न्याय प्रणाली की मजबूती को दर्शाया और सामाजिक न्याय को बढावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही, इस उपलब्धि के माध्यम से न्यायमूर्ति जयस्वाल ने समाज के न्याय के प्रति जागरूकता बढाने का संकल्प भी जताया।

# लोक अदालत में सुलह से सालों से लंबित प्रकरणों का हुआ निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश पर शनिवार को सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये गये। लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किये गये। नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के मध्य सुलह द्वारा विवादों के समाधान के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित सभी न्यायाधीशगण की 8 खण्डपीठ, परिवार न्यायालय की 1, जनोपयोगी स्थायी लोक अदालत की 1, कुल 10 खण्डपीठों तथा बस्तर जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों के 19 खण्डपीठों का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत के लिए गठित समस्त 29 खण्डपीठों में प्रकरणों के निराकरण के लिए सुलहकर्ता सदस्यों के रूप में पेनल अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई। नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्जवलित कर किया। लंबित 1892 प्रकरणों में से 108 आपराधिक प्रकरण, 29 व्यवहार वाद प्रकरण, 19 दावा प्रकरण, 2 पारिवारिक प्रकरण, 88 धारा 138 नि.ई. एक्ट के प्रकरण, 33 श्रम संबंधी प्रकरण, 210 स्पेशल सिटिंग के अन्तर्गत प्रकरण, 341 ट्रेफिक चालान, जनोपयोगी सेवा के 1 प्रकरण कुल 831 निराकृत लंबित प्रकरणों में रूपये 6,51,92,453 में राजीनामा के आधार पर उनका निराकरण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया। राजस्व न्यायालयों में गठित 1 खण्डपीठों में कुल 29075 राजस्व प्रकरणों एवं जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा 3 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार सभी प्रमुख बैंकों, बीएसएनएल, विद्युत, नगर निगम (जल प्रदाय शाखा एवं संपत्ति कर शाखा) द्वारा रखे गये 3642 प्रकरणों में से बैंकों के 3 प्रकरण, बीएसएनएल के 4, कुल 7 प्रकरणों में रूपये 2,24,681 में राजीनामा के आधार पर प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का अंतिम निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत के लिए चिकित्सा विभाग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया था, जिसमें उपस्थित पक्षकारों एवं आमजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। नेशनल लोक अदालत में कई लोगों को आपसी सुलह समझाईश से राजीनामा किए जाने के कारण उन्हें न्यायालयीन प्रकरणों में राहत मिला। नेशनल लोक अदालत में नगर पालिक निगम, बैंकों, बीएसएनएल विभाग, राजस्व विभाग के सहयोग से 29916 प्रकरणों का अधिवक्ताओं, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, नगरनिगम एवं निराकरण किया गया।

■ जिला न्यायाधीश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

# परसोदा संकुल शाला प्रवेशोत्सव में हुआ सम्मान समारोह



**चारामा।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव शासकीय हाई स्कूल परसोदा में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य नीता रावटे, कार्यक्रम अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत परसोदा भावेश्री केमरो ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराके स्वागत किया गया। शिक्षा विभाग के नए शिक्षा सत्र 2024-25 का शुभारंभ 26 जून को हुआ एवं नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत और उनके उत्साहवर्धन के लिए शाला प्रवेश उत्सव 26 जून से 15 जुलाई तक का सभी स्तर पर मनाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथियों में रामकमल सुकदेवे खंड स्त्रोत समन्वयक चारामा, खिलेश्वर गवर्ना संकुल प्राचार्य, कमलेश गावड़े संकुल समन्वयक परसोदा, शिवदयाल नेताम सेवानिवृत्त प्रधानपाठक माध्यमिक शाला बागडोंगरी, भूपेंद्र मरकाम शिक्षक, राजेश नेताम प्रधान पाठक के उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शिवदयाल नेताम पदोन्नत होकर गए शिक्षक साथियों भूपेंद्र मरकाम और राजेश नेताम का शाल व श्रीफल के साथ सम्मान किया गया। संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को सफल बनाने में मनोज सिन्हा, दुर्गा प्रसाद नेताम, मोहन लाल बेसरा, ललित राम नागवंशी, मानबती नेताम, गीता गवर्ना, मनीषा जैन, अमित श्रीवास्तव छात्रावास अधीक्षक, प्राथमिक, माध्यमिक व हाईस्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, संकुल शालाओं के समस्त रसोईयों, सफाई कर्मियों तथा समस्त छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा हैं।

# बटराली में सांसद और विधायक ने रोपे पौधे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शनिवार को बटराली में महा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए और पौधरोपण किया। इस अवसर पर सांसद भोजराज ने कहा कि पेड लगाना पुण्य का काम है, इसलिए पेड सभी को लगाना चाहिए। विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड लगाना सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर केशकाल वनमण्डलाधिकारी गुरूनाथन एन., केशकाल के अनुविभागीय दंडाधिकारी अंकित चौहान, उप वनमण्डलाधिकारी केशकाल श्रीमती सुषमा जे नेताम, सहित सभी वन कर्मचारी एवं ग्रामीणों द्वारा एक पेड माँ के नाम से आम, नीम, काजू,आंवला इत्यादि 300 पौधों का रोपण किया गया।

### कुंडेल स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पर रोपे पौधे

**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडेल (मधुबन) में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण स्टाफ ने एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के तहत नाम, पीपल, अशोक, नींबू, जाम के करीब 40 पौधे रोपे। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में देश की जनता से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की है। छत्तीसगढ़ में इस महाअभियान के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप 11 जुलाई को वन महोत्सव के दिन जनप्रतिनिधियों के साथ विद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने मां के नाम एक-एक पेड़ लगाए, साथ ही उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

# खदान प्रभावित इलाके के 410 ग्रामीणों को दिया गया रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले के छोंटेडोगर में लौह अयस्क खनन का खनिज पट्टा स्वीकृत है। यह एक छोटी खदान है एंव इस खदान में केवल 100 लोगो को ही रोजगार दिये जाने की आवश्यकता थी। परंतु साल डेढ़ साल के अंदर खदान से प्रभावित आसपास के क्षेत्र के सात ग्राम पंचायतो के लगभग 410 लोगों को रोजगार दिया गया है। जिसमें से माह जनवरी 2024 में ही 100 लोगो को रोजगार दिया गया है। इतने अधिक लोगो को रोजगार देने की आवश्यकता नही थी फिर भी कंपनी ने इस क्षेत्र के अधिक से अधिक बेरोजगार लोगो को रोजगार प्राप्त हो सके कर के कुल 410 लोगो को रोजगार दिया है। अर्थात जहाँ पर 1 व्यक्ति को रोजगार दिया जाना था वहाँ पर हमने 4 व्यक्तियों को रोजगार दिया है। नारायणपुर जिले के छोटेडोगर क्षेत्र में हजारो लोग बेरोजगार है एंव केवल निको की ही एक खदान है। क्षेत्र के सभी बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके यह संभव ही नही है। नारायणपुर जिले में भिलाई इस्पात संयंत्र की रावघाट खदान भी है जो कि निको की छोटेडोगर खदान से 10 गुना बड़ी है। फिर भी वहाँ श्रमिको की संख्या हमारी खदान के श्रमिकों की संख्या से कम है। इस क्षेत्र के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके, इस हेतु हम शासन प्रशासन से अनुरोध करेगें कि क्षेत्र में जिन्हे खदाने आबंटित की गई है उन्हे भी जल्द से जल्द खुलवाया जाये एंव क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाये। अभी हमारे पास 400 से 500 बेरोजगार युवाओं के आवेदन रोजगार प्रदान करने हेतु आये है। वर्तमान में हमारे लिये और किसी भी अतिरिक्त बेरोजगार को रोजगार दे पाना संभव नही है। भविष्य में यदि हमें और लोगो की आवश्यकता होगी तो हम सात ग्राम पंचायतों के अन्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी।

# लोक अदालत की भूमिका को और प्रभावी एवं कारगर बनाएं : न्यायमूर्ति संजय कुमार

हरिभूमि न्यूक ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव में नेशनल लोक अदालत के कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति संजय कुमार जयस्वाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन उच्च न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ, जिन्होंने इस अवसर पर न्याय की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की और अदालती सुधारों के प्रति अपना समर्पण व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत में न्यायमूर्ति संजय कुमार जयस्वाल ने न्याय के महत्व और उसकी आवश्यकताओं पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, न्याय व्यवस्था समाज की नींव होती है और इसका सुदृढ होना अत्यंत आवश्यक है। लोक अदालतें आम जनता को न्याय दिलाने का एक सशक्त माध्यम हैं और इससे अदालती मामलों का त्वरित समाधान संभव होता है।ष उन्होंने लोक अदालतों की भूमिका की प्रशंसा की और उन्हें और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव भी दिए। उच्च न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, ष्लोक अदालतें न केवल विवादों को सुलझाने का एक साधन हैं, बल्कि यह समाज में शांति और स्थिरता लाने का एक महत्वपूर्ण उपकरण भी हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी को न्याय सुलभ हो और अदालती प्रक्रियाएँ सरल और त्वरित हों।ष उन्होंने अदालती सुधारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और न्यायपालिका में सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रें से आए विशेषज्ञ और कानूनी विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। उन्होंने लोक अदालत की प्रक्रिया और इसके प्रभावों पर अपने विचार साझा किए। कई विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि लोक अदालतें न केवल विवादों का समाधान करती हैं बल्कि समाज में न्याय के प्रति विश्वास को भी मजबूत करती हैं। कार्यक्रम के दौरान कई महत्वपूर्ण मामलों का निपटारा किया गया। जनता ने भी इस पहल की सराहना की और इसे सफल बनाने में अपना सहयोग देने का संकल्प लिया। कोंडागांव में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत ने न्याय प्रणाली के प्रति आम जनता के विश्वास को और मजबूत किया है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल विवादों का त्वरित निपटारा होता है बल्कि समाज में न्याय और शांति की स्थापना भी होती है। इस अवसर पर आयोजित किए गए विभिन्न सत्रें में न्यायमूर्ति संजय कुमार जयस्वाल और अन्य कानूनी विशेषज्ञों ने जनता को उनके अधिकारों और अदालती प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि न्याय की प्राप्ति सभी का अधिकार है और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। नेशनल लोक अदालत का यह कार्यक्रम कोंडागांव में न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

■ लोक अदालतें न केवल विवादों का समाधान करती हैं बल्कि समाज में न्याय के प्रति विश्वास को भी मजबूत करती हैं

## पेज 9 के शेष

#### दुर्घटना रोकने शहर...

की माँग किया था। यातायात पुलिस ने 13 जुलाई शनिवार को सेंट माईकल और नरहरदेव स्कूल में पढ़ने वाले ऐसे बच्चों को रोका गया, जो दो पहिया वाहन से स्कूल आना जाना करते है। इन छात्राओं को रोककर उनके पालकों को बुलाया गया और पालकों को वाहन न देने की सलाह दिया गया। यातायात थाना प्रभारी ने कहा कि अभी पालको को समझाईश दिया जा रहा है, इसके बाद भी नहीं मानने पर यातायात के नियमों के अनुसार कार्यवाही किया जाएगा।

#### यादव समाज की ...

यादव, सतीश यादव, राजु यादव, शैलेन्द्र यादव, इन्दु यादव, जयंती यादव, लक्ष्मी बाई यादव, रूखमणी यादव, रूपोतिन यादव, परनीया यादव, सुशीला, मालती, नंदा, मोना यादव, हेमंत यादव, उत्तम यादव, सोनऊ यादव, राजेश यादव, मधु यादव, कमल यादव, धनेश यादव मोहन यादव गजेन्द्र यादव व समाजिक जन उपस्थित रहे।

#### चारामा के सप्ताहिक...

कही पता नही चला। मेरी मोटर सायकल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। मेरे मोटर सायकल के अनुमानित कीमत 83 हजार रूपएं है। चारामा पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर मोटर सायकल की पतासाजी शुरू कर दिया है।

#### कार की ठोकर...

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 281,106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

#### चाराम इलाके के...

मिली है, परंतु आवाज सही नहीं है। इस खेल को लेकर जिसके पास कोई सबूत है तो हरिभूमि को उपलब्ध करा सकता है, उनके चेहरे भी उजागर जल्द हो जाएंगे।

**खबर संक्षेप**

### मजदूरों की सुरक्षा और हक का मसला सुलझाएं



जगदलपुर। मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष हेमू ठाकुर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर ने सभी जिले के अध्यक्षों को यह निर्देशित किया है कि मजदूरों की सुरक्षा और उनके हक से संबंधित विषयों पर फोकस रखें। मजदूरों से संबंधित किसी भी तरह की समस्या को पुरजोर तरीके से उठाएं और यदि कोई मसला सुलझता नहीं दिख रहा हो तो प्रदेश संगठन को तत्काल इसकी जानकारी दें। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित थे।

### संविधान हत्या दिवस मनाने का निर्णय साहसिक फैसला

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा आपातकाल के काले दिवस 25 जून को प्रतिवर्ष संविधान हत्या के दिवस पर मनाने का निर्णय ऐतिहासिक एवं साहसिक कदम है। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष राजेन्द्र बाजपेयी ने जारी बयान में कहा कि



संविधान हत्या दिवस उन लाखों लोगों के संघर्ष की याद कराता रहेगा, जिन्होंने तानाशाही सरकार की असंख्य यातनाओं व उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने संघर्ष किया। संविधान हत्या दिवस हर भारतीय के अंदर लोकतंत्र की रक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अमर ज्योति को जीवित रखने का काम करेगा, ताकि कांग्रेस जैसी कोई भी तानाशाही मानसिकता भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न कर पाए।

### सरकार और पुलिस से माफी मांगे कांग्रेस नेता : अविनाश

**जगदलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने जारी बयान में कांग्रेस नेताओं से भाजपा सरकार और पुलिस विभाग से माफी मांगने को कहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक फायदे उठाने के लिए पूर्व के दिनों में शहर में हुए



घटनाओं पर राजनीतिक लाभ लेने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बयान दिया था कि वर्तमान की भाजपा सरकार में अपराधियों का हौसला बुलंद है और शहर में अशांती व भय का माहौल है।

## 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष सहित सदस्यों ने पंचायत प्रतिनिधियों से की चर्चा

# बस्तर में तेजी से समग्र विकास का खींचा गया खाका

**आईजी और कलेक्टर ने बस्तर संभाग की परिस्थितियां, चुनौतियां, संभावना और अपेक्षाओं से आयोग को कराया अवगत**







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया और आयोग के सदस्यों ने पंचायत प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए पंचायतों के तेजी से समग्र विकास का खांका खींचा। बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने बस्तर के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

पंचायत प्रतिनिधियों के सुझावों पर वित्त आयोग के अध्यक्ष पनगढ़िया ने कहा कि 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल 2026-27 से 2030-31 तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि को ध्यान में रख कर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरुप हमें विकास की आगामी कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने बस्तर के पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यहां जो सुझाव दिए गए हैं, वे सभी वित्त आयोग के कार्यक्षेत्र से संबंधित हैं तथा इन पर निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जनसरोकार से जुड़े ऐसे मुद्दों पर बात की गई, जिनका यथासंभव समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

बस्तर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत 90 प्रतिशत जनसंख्या एवं 10 प्रतिशत क्षेत्रफल के आधार पर आवंटन जारी किया जाता है। बस्तर जिला अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में आश्रित ग्राम एवं पारा दूर-दूर तक फैले हुए हैं, इस कारण क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए 16वें वित्त आयोग अन्तर्गत 70 प्रतिशत जनसंख्या एवं 30 प्रतिशत क्षेत्रफल के आधार पर आबंटन प्रदाय किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा हमारा बस्तर संस्कृति से भरपूर है। चाहे देवगुड़ी हो, मेला, मंडई हो, बस्तर में इसकी अत्यधिक मान्यता है। इसे ध्यान में रखते हुए देवगुड़ी, मेला, मंडई एवं खेलकूद क्षेत्र के लिए भी आबंटन का प्रावधान किया जाना चाहिए।

बस्तर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप ने कहा बस्तर में पेसा एक्ट लागू होने के साथ-साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। 16वें वित्त आयोग अन्तर्गत जनसंख्या, क्षेत्रफल के साथ-साथ नक्सल एवं पेसा जिले को अतिरिक्त आबंटन प्रदान करने की बात कही। साथ ही बस्तर की अधिकांश आबादी इन वन क्षेत्र में रहती है तथा अधिकांश आदिवासियों के आय का मुख्य स्त्रोत लघु वनोपज होता है। लघु वनोपज की सामग्री को वैल्यू एडिशन कर सह उत्पाद की श्रेणी में लाने की व्यवस्था करने हेतु अतिरिक्त आबंटन की व्यवस्था की जानी चाहिए।

इसके साथ ही अन्य पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा बस्तर जिले में पथरीली एवं पहाड़ी जमीन को देखते हुए कृषि एवं सिंचाई क्षेत्र में कार्य करने के लिए, पेयजल एवं स्वच्छता के सेक्टर की बाध्यता को समाप्त कर अन्य 9 थीम से सेक्टर चुनने की स्वतंत्रता प्रदान करने, ऑनलाईन भुगतान प्रणाली के सरलीकरण, किसानों को सामूहिक फेंसिंग एवं नलकूप की स्थापना हेतु सहायता प्रदान करने, प्राकृतिक आपदा की स्थिति में तत्काल सहायता देने, ग्राम पंचायतों में अधोसंरचनाओं के विकास हेतु आश्रित ग्रामों के आधार पर आबंटन प्रदान करने के संबंध में सुझाव दिए गए। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा अंचल के जनजाति संस्कृति के आस्था केन्द्र देवगुड़ी, मातागुड़ी, मृतक स्मारकों का संरक्षण करने, पर्यटन स्थलों में सुविधाओं का विकास करने के संबंध में भी सुझाव दिए गए। इसके साथ ही आधुनिक सूचना तकनीक के माध्यम से लोगों को त्वरित सेवा प्रदान करने के लिए भी आवश्यक उपकरण एवं मानव संसाधन उपलब्ध कराने के सुझाव दिए गए।

पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने इस दौरान वामपंथियों से हुई जनहानि के साथ ही क्षेत्र के विकास में पड़े विपरीत प्रभाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इसके साथ ही इस समस्या के निदान के लिए बनाई गई रणनीतियों के संबंध में भी बताया तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, मूलभूत संरचना के लिए तेजी से कार्य किए जाने हेतु अतिरिक्त आर्थिक सहायता के संबंध में आयोग के समक्ष अपनी प्रस्तुति दी। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने इस अवसर पर बस्तर की भौगोलिक, आर्थिक, सामाजिक परिस्थितियों से अवगत कराते हुए वामपंथी उग्रवाद, तकनीकी, प्रशासनिक, आर्थिक भौगोलिक चुनौतियों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने पंचायतों के आय के रूप में वित्त आयोग के अनुदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इसके साथ ही विगत वित्त आयोगों की राशि से बस्तर में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के संबंध में जानकारी भी दी तथा बस्तर में तेजी से विकास हेतु मानव संसाधन, सूचना तकनीकी उपकरण, अंचल के लिए विशेष सहायता तथा जनजातीय कल्याण के कार्य को प्राथमिकता दिए जाने पर जोर दिया।

#### अध्यक्ष ने प्रजेंटेशन की प्रशंसा की

*केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा दी गई पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रजेंटेशन पूरी तरह से स्थानीय आधारभूत जरुरतों पर केंद्रित कर तैयार किया गया था। प्रजेंटेशन से बस्तर को समझने के साथ ही विकास के आगे बढ़ाने वाले कदमों की जानकारी भी मिलती है। इसके साथ ही उन्होंने आउटकम डाटा को भी जिला स्तर में संग्रहण संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने इसके साथ ही आयोग के अध्ययन भ्रमण हेतु बेहतर व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इस दौरान जिला प्रशासन तथा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता को बस्तर के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।*

#### कलेक्टोरेट परिसर में किया पौधरोपण

*इस अवसर पर 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया सहित उपस्थित सदस्यों ने कलेक्टोरेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। यहां आम, कदम, खम्हार आदि पौधे लगाए गए। इस दौरान आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पाण्डा, डॉ.सौम्यकांति घोष तथा आयोग के सचिव ऋत्विक पाण्डेय, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेन्द्र सिंह, कमिश्नर श्याम धावड़े, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।*

# पौधारोपण का अर्थ जिंदगी, ज्यादा से ज्यादा लगाकर इसे बचाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पौधारोपण का अर्थ है जिंदगी। हरियाली को बनाए रखने के लिए वन विभाग के प्रयासों को सराहा। साथ ही भरोसा दिया कि वन महोत्सव पर पौधारोपण में दिल से जुड़कर हरियाली बढ़ाने में सहयोग देगा। पौधे मानव जीवन में खाद्य स्त्रोत की प्रोडक्शन, इकोलाजी संतुलन बनाए

■ **पौधारोपण में दिल से जुड़कर हरियाली बढ़ाने में दें सहयोग : डीएफओ**

रखने, हवा की गुणवत्ता बेहतर करने, मिट्टी और पानी संरक्षण, वन्यजीवन को सहयोग, पर्यावरण के प्रदूषण को कम करने का काम करते हैं। उक्त बातें वन विभाग बस्तर जिले के मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने सर्वाधिक नक्सल प्रभावित ग्राम चांदामेटा के शासकीय प्राथमिक शाला में आयोजित वन महोत्सव में ग्रामीणों और बच्चों से कही।



#### सुरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी

एसडीओ योगेश रात्रे ने ग्रामीणों एवं बच्चों को बताया कि रोपित किए गए पौधों को सुरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया। साथ ही आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य देने के लिए पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधों का रोपण करें और इस पर जागरूक भी करें।

बताया जा रहा है कि हाई स्कूल नियानार, आड़ावाल, करपावंड, जैबेल, फरसागुड़ा, उसरीबेड़ा, दरभा, कोलेंग, चांदामेटा सहित अन्य स्थलों एवं गांवों में लगभग 1776 पौधों का रोपण किया गया। रोपण के दौरान क्षेत्र के ग्रामीण, युवा, बच्चे, सरपंच, पंच सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी शामिल रहे।

*एक पेड़ मां के नाम का स्लोगन परिसर में नहीं दिखा*

# जहां सांसद ने किया पौधारोपण वहां लगा था पूर्व सीएम का होर्डिंग्स

### बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स का मानव सेवा केंद्र में पौधरोपण



हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के गणपति रिसोर्ट के सामने के परिसर में पौधरोपण के दौरान सांसद, महापौर, पूर्व वन मंडल अध्यक्ष, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व भाजपा के अनेक नेता व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता सम्मलित हुए। उस स्थान पर एक पौधा मां के नाम का होर्डिग, पोस्टर नजर नहीं आया बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का फोटो होडिंग्स में नजर आया। जिसे लेकर भाजपा और विहिप के कार्यकर्ता यह चर्चा करते रहे कि सांसद को किसी भी कार्यक्रम में जाने के पहले स्थल के विषय में पूरी तहकीकात करनी चाहिए।

हालांकि चेम्बर का पौधरोपण कार्यक्रम किसी राजनीति से जुड़ा नहीं था, चेम्बर अध्यक्ष मनीष शर्मा कांग्रेस के नेता होने से उन्होंने भूपेश बघेल को महत्व देते उनका होडिंग्स लगाकर एक तीर से दो निशान साधने में सफल रहे। कार्यक्रम में भाजपा और कांग्रेस दोनों दल के नेता सम्मिलित थे, हालांकि भाजपाई अधिक और कांग्रेसी गिनती के नजर आए। लेकिन कुछ कट्टर भाजपाई को यह रास नही आया और वे आधे कार्यक्रम से ही वापस चले गए।

बहरहाल शनिवार को बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा मानव सेवा केंद्र की भूमि पर 51 पौधों आंवला मधुकामनी, अमलतास, नीम, जामुन, मौलश्री, टेकोमा, गुलमोहर, बादाम जेकरेंडा, बेल, पारिजात, चंपा सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप, विशिष्ट अतिथि महापौर सफीरा साहू, पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, पूर्व उपाध्यक्ष इन्द्रावती विकास प्राधिकरण राजीव शर्मा, पार्षद संजय पांडेय, यशवर्धन राव, चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष पुखराज बोथरा, भंवर बोथरा, अध्यक्ष मनीष शर्मा, महामंत्री विमल बोथरा, उपाध्यक्ष मोहर झा, नवरतन जलोटा, पंकज सिंघल, मंत्री सुनील दण्डवानी, श्रीधर मद्दी, राजेश सोनी, शिखर मालू, कोषाध्यक्ष कोमल महावर, व्यवसायी महेन्द्रकान्त संघाणि, मदनलाल पारेख, सम्पत झा, अशोक अरोरा श्याम सोमानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे।

#### राजनीति कार्यक्रम नहीं था

*सांसद महेश कश्यप ने कहा यह कोई राजनीति कार्यक्रम नही था चेम्बर का था। इसे राजनीतिक चश्मे से नहीं देखना चाहिए। कार्यक्रम स्थल पर पूर्व मुख्यमंत्री का होर्डिन्स लगा है, यह जानकारी हमे कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओ ने दी। हालांकि हमारे प्रधानमंत्री का आव्हान है कि एक पौधा मां के नाम पर पूरे देशभर में वृहद रूप से पौधरोपण कार्यक्रम चालाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के इस आव्हान के बाद बस्तर में ही वन विभाग के प्रयास से अनेक संघ, संगठनों, शासकीय दफ्तरों, स्कूलों में पौधरोपण किया जा रहा है। हम सब देशवासी प्रधानमंत्री के एक पौधा मां के नाम आव्हान से प्रेरित होकर पौधरोपण कार्यक्रम में सम्मलित हो रहे हैं।*

## बस्तर को मिला इंटरसेप्टर वाहन, कई खूबियों से लैस है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नवीन इंटरसेप्टर वाहन को पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस मुख्यालय द्वारा आबंटित इंटरसेप्टर वाहन विभिन्न प्रकार के अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। इंटरसेप्टर वाहन में 360 डिग्री निगरानी के लिए सर्विलेंस कैमरे लगे है। वाहन में स्पीड राडार गन लगा हुआ है जो 500 मीटर दूर से आ रही गाड़ी की ओवर स्पीड को पकड़ लेगी।

वाहन में ब्रिथ एनलाइजर लगा हुआ है जिससे नशे में वाहन चलाने वालों की जांच हो सकेगी। प्रकाश तीव्रता मापने के लिए यंत्र जिससे गाड़ी में लगवाये गये हाई पावर लाइट को मापा जा सकेगा। ब्लैक फिल्म की जांच, ग्लास पारदर्शिता यंत्र, ध्वनि मापक यंत्र जिससे डीजे या गाड़ियों में लगे प्रेशर हॉर्न या मॉडीफाइड साइलेंसर के साउंड लेवल की जांच किया जा सकेगा। जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही करने एवं सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी नियंत्रण के दृष्टिगत इंटरसेप्टर वाहन उपयोगी होगा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, यातायात डीएसपी संतोष जैन, डीएसपी नासिर बाठी, अपूर्व क्षत्रिय, दीपमाला कुर्रे, यातायात प्रभारी अभिजीत सिंह भदौरिया समेत अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## शाला में पौधे लगाकर सुरक्षा की ली गई शपथ



**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलोरी में वन महोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिभा देवांगन, मंडल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास, सरपंच उमन बघेल, प्रदीप देवांगन एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रशिक्षु आई.एफ.एस वेंकटेश ने वृक्षों के महत्व के बारे में बच्चों को बताया। प्राचार्य राम दरस तिवारी ने बच्चों को पौधों की रक्षा करने प्रेरित किया। सरपंच ने एक पेड़ मां के नाम जामुन के पौधे लगाए। एसएमडीसी अध्यक्ष अभिमन्यु सिन्हा ने आम के पौधे लगाए। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश ध्रुव परिक्षेत्र अधिकारी माचकोंट, डी.पी. पांडे, गुन्नू मरकाम सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुरदी एवं वन विभाग के कर्मचारी तथा शिक्षक अजय श्रीवास्तव, राजेश जेना, सुरेश चौहान राजेश जॉन, महेश मरकाम, गीता आचार्य, ख्याति देवांगन, भारती ठाकुर, सुषमा साहू, माधुरी अद्वैया, पदमजा, विनीता नाग, रवि प्रकाश गुप्ता, संदीप देवांगन, श्याम सुंदर चंदेल समेत छात्र-छात्राओं ने पौधों की रक्षा का संकल्प लिया।

# किसान वृक्ष मित्र योजना व एक पेड़ मां के नाम लगाए पौधे

**विकासखंड में किसान मित्र योजना के तहत 2 लाख 90 हजार पौधें व एक पेड़ मां के नाम के तहत 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए आह्वान के तहत महा वृक्षारोपण अभियान विकास खंड स्तरीय जारी है। ज्ञात हो कि यह अभियान 1 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक चलेगी। साथ ही इस अभियान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जल शक्ति से नारी शक्ति एवं एक पेड़ मां के नाम महा अभियान को पुरा करने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं सहित ग्राम पंचायतों में वन विभाग द्वारा पौधों को उपलब्ध कराया जा रहा है। एक ओर एक पेड़ मां के नाम के तहत विकास खंड में 50 हजार पौधों के रोपण के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके तहत सभी कार्यालय परिसर एवं विभिन्न विभागों के परिसरों पर रोपण किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर हरियाली किसान वृक्ष मित्र योजना अंतर्गत दो लाख नब्बे हजार पेड़ों के रोपण लक्ष्य को लेकर निलगीरी वृक्षारोपण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। जिसमें विकास खंड स्तर के किसान परिवार इस योजना का लाभ ले रहे हैं।

#### नेताओं सहित अधिकारियों ने किया पौध रोपण

बीते दिनों कोण्टा विकास खंड मुख्यालय में संचालित शैक्षणिक संस्थाओं में भाजपा मंडल अध्यक्ष जी. साई रेड्डी एवं सुभाष चतुर्वेदी तथा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों तथा एसडीएम शबाब खांन, एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य, उप वन मंडल अधिकारी अजय कांवडे, कोण्टा वन परिक्षेत्र के रेंजर महेश पासवान एवं शैक्षणिक सस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा इस महा अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर इससे होने वाले लाभ के संबंध में बच्चों को ज्ञान देते हुए संरक्षण का संकल्प लिया गया। साथ ही नगर के अन्य संस्थाओं में नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया व आला जनप्रतिनिधियों के साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया।

# फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कार्यालय उप संचालक कृषि द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अनुसार खरीफ वर्ष 2024 हेतु मुख्य फसल धान असिंचित मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं उड़द को अधिसूचित किया गया हैं।

खरीफ वर्ष 2024 में फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। इसमें किसानों को फसल के प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीट व्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं, जो किसान अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो, अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगें। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो, वे बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी अथवा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज (नवीनतम आधार कार्ड कापी, नवीनतम भूमि प्रमाण-पत्र, बैंक पास बुक के पन्ने की कापी जिस पर खाता नम्बर अंकित हो इत्यादि) प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते है। कृषक निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई के पूर्व अपने फसलों का बीमा अवश्य कराएं।

## खबर संक्षेप

### लापरवाही पर अधीक्षिका को कलेक्टर ने किया निलंबित

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने गंभीर प्रवृत्ति के शिकायत की खबर पर संज्ञान लेते हुए विनिता कुजूर मूल पद व्याख्याता एलबी, शासकीय उमावि छोटेबेठिया एवं अधीक्षक, कन्या आवासीय विद्यालय छोटेबेठिया विकासखंड कोयलीबेड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार सरपंच एवं ग्रामवासी छोटेबेठिया की शिकायत और खबर पर संज्ञान लेते हुए प्रथम दृष्टया शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। निलंबन के दौरान एलबी व्याख्याता का मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड दुर्गुकोंदल नियत किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर ने आदेश जारी कर उक्त कन्या आवासीय विद्यालय छोटेबेठिया के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छोटेबेठिया की व्याख्याता नेहा सहाडे को आगामी आदेश पर्यन्त तक अधीक्षिका नियुक्त किया है।


### छोटेबेठिया घटना की होगी जांच, टीम गठित

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा विकासखंड के कन्या आवासीय विद्यालय छोटेबेठिया की घटना की जांच के लिए कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा पखांजुर एसडीएम अंजोर सिंह पैकरा की अध्यक्षता में जांच दल का गठन किया गया है। जांच टीम में जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा सीईओ घनश्याम जांगड़े, पखांजुर बीएमओ डॉ. डी. के. सिन्हा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य हेमेंदनी सरकार और शासकीय हाई स्कूल पीव्ही 32 की प्राचार्य अमिता दास शामिल हैं। उक्त जांच दल को दो दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है।

### सड़क हादसे पर रिपोर्ट दर्ज व विवेचना जारी

**कांकेर।** ताड़ोकी थाना में शिकायत करने पहुँचे सुक्कू राम गावड़े पिता गागरू राम गावड़े ने पुलिस को बताया कि मैं वर्चे थाना रावघाट का निवासी हूं और 6 जुलाई को मेरे चाचा का लडका सांतू राम गवाडे, संजय गावडे और मेरे गांव के राम सिंह मरकाम के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 ई 1260 में सवार होकर गट्टाकाल कोयलीबेडा जाने के लिए घर से निकले थे। मोबाईल से उसी दिन ढाई बजे जानकारी मिली कि बोंदानार के रोड से लगे आश्रम से 200 मीटर अंतागढ की ओर मुख्य मार्ग पर सामने अंतागढ की ओर से आ रही मोटर सायकल होन्डा के चालक के द्वारा अपनी मोटर सायकल को तेजगति एवं लापरवाही से चलाकर एक्सीडेट किया है, जिससे तीनों को चोट आया है, जिनको ईलाज के लिए अंतागढ में भर्ती किए है। मैं अस्पताल आकर देख और चिकित्सकों ने जिला अस्पताल कांकेर रिफर कर दिया है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच में लिया है।

### प्राशा जनपद चारामा में बाल कैबिनेट गठित



**चारामा।** प्राशा जनपद चारामा में 13 जुलाई को बाल कैबिनेट का गठन किया गया। बाल कैबिनेट गठन में शाला नायक गौरव सोनकर, उपशाला नायक, लोकेश्वरी सोनकर, खेलमंत्री जीवन सोनकर, स्वास्थ्य मंत्री लतिका साहू, बागवानी मंत्री निशा, पेयजल मंत्री पूनम, सांस्कतिक मंत्री प्रियंका, स्वच्छता मंत्री नीलेश, अनुशासन मंत्री ट्विंकल देवांगन व सभी कक्षा के कक्षा नायक क्रमशः पहली भूमिका, दूसरी तानिया, तीसरी तानिया ध्रुव, कक्षा चौथी दामिनी खुरश्याम, पाँचवी लोकेश्वरी सोनकर को सभी के सर्वसम्मति से बनाया गया। इस अवसर पर लोचन यादव प्रधान पाठक के द्वारा सभी बाल कैबिनेट के मंत्रीयो को व सभी कक्षा के कक्षा नायकों को दिए गए कार्यो को पूर्ण ईमानदारी से करने कि बात कही गई और साथ ही शपथ ग्रहण करवाया गया। कार्यक्रम में शाला के सभी शिक्षक दुष्यंत जैन, देवेन्द्र सिन्हा, स्नेहलता साहू, नीतू यादव व सभी शाला के बच्चे उपस्थित रहे।

---

**बैठक : बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति बैठक में 4 जी के त्वरित क्रियान्वयन पर दिया जोर**

# आने वाला समय संचार क्रांति का, इंटरनेट से मिलेगी शिक्षा-स्वास्थ्य की जानकारी : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भारत संचार निगम लिमिटेड बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र द्वारा 11 जुलाई को दूरसंचार सलाहकार समिति की वर्ष 2024-25 के दूसरे सत्र की बैठक बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जनरल मैनेजर बीएसएनएल बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र एवं बस्तर संभाग के सदस्य सचिव शरतचन्द्र तिवारी और विभिन्न जिलों से आए नामित दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्यों एवं बीएसएनएल अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

- पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5 वीं अर्थव्यवस्था बन गया

आयोजित बैठक में सांसद बस्तर महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5 वीं अर्थव्यवस्था बन गया है तथा सम्पूर्ण विश्व के मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर रहा है। आने वाला समय संचार क्रांति का समय होगा जब हम इन्टरनेट के माध्यम से घर बैठे ही सभी प्रकार की बैठकें, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की सलाह प्राप्त किया करेंगे। बीएसएनएल को डाटा इन्टरनेट एवं अन्य संचार सेवाएं दूरवर्ती गांवों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी होगी। सांसद ने आश्वासन दिया कि बीएसएनएल को दूरसंचार सेवाओं के प्रचार प्रसार में किसी भी प्रकार की मदद की आवश्यकता होगी, तो वे सहर्ष अपना सहयोग देने के लिए तत्पर रहेंगे। सांसद बस्तर ने बीएसएनएल की सेवाओं को पहुँच और गुणवत्ता में विश्वस्तर की बनाने पर ज़ोर दिया। बस्तर के नेटवर्क विहीन गाँवों क्षेत्रों में बीएसएनएल के नए टावर लगाने और कार्यरत टावरों में सिग्नल डाटा की स्थिरता बनाने के लिए बीएसएनएल टीम बस्तर को प्रोत्साहित किया। बैठक में बस्तर जिले के सदस्य राजेंद्र वाजपेयी ने बीएसएनएल सेवाओं के व्यापक विस्तार के साथ मूल्यवर्धक ऑनलाइन उपयोग के लिए दूरसंचार की महत्व सबंधी चर्चा किया और साथ ही सलाहकार समिति नेतृत्व के सुझावों और सफल सहयोग का लाभ उठाने प्रेरित किया। उन्होंने घर के अन्दर तक सिग्नल सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्यवाही करने पर जोर दिया। कोंडागांव जिले के सदस्य चन्दन साहू एवं विक्की रवानी ने सांसद एवं बीएसएनएल जीएम को माकड़ी एवं कोंडागांव विकासखंड क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं नेटवर्क कवरेज बढ़ाने के लिए नए टावर लगाने के लिए शीघ्रता से कार्यवाही करने का आग्रह किया। बस्तर संभाग के अन्य जिलों व क्षेत्रों से आए सदस्यों ने 4 जी के त्वरित संस्थापन और डाटा स्पीड में स्थिरता के लिए सुझाव दिए। आयोजितत बैठक में 16 से अधिक दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य बस्तर जिले से पप्पू चल्की, प्रकाश झा एवं सवेन्द्र सेठिया, कोंडागांव जिले से चन्दन साहू, प्रेम सिंग नाग एवं प्रतोश त्रिपाठी, जसवंत श्रीवास्तव एवं विक्की रवानी, कांकेर जिले से जतिन अटभैया, बीजापुर जिले से बलदेव उरसा, नारायणपुर जिले से भगवती हलधर, दंतेवाडा जिले से भूपेन्द्र निर्मलकर, मोहन एवं उर्दो ठाकुर उपस्थित रहे।



### 222 नए मोबाइल टावरों की संस्थापना का कार्य प्रगति पर

आयोजित बैठक में बीएसएनएल बस्तर जीएम शरतचन्द्र तिवारी ने बस्तर संभाग में हाल ही में आरंभ की गई बहुप्रतीक्षित पूर्णस्वदेशी 4 जी सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर संभाग के दूरस्थ क्षेत्रों में 4 जी सैचुरेशन परियोजना के तहत लगभग 26 से अधिक मोबाइल टावर 4 जी तकनीक में सफलतापूर्वक उपग्रेड किए जा चुके हैं। कुल 222 नए मोबाइल टावरों की संस्थापना का कार्य प्रगति में है, जिनमें 134 जगहों पर 4 जी सेवाओं के लिए टावर संस्थापन एवं विद्युत कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उपकरणों की उपलब्धता के साथ इन स्थानों में 4 जी सेवाओं का विस्तार प्रगति में है। दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा उठाए गए कमजोर सिग्नल एवं पॉवर बाधा को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने एवं नई बैटरियों के संस्थापन की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त भारत नेट परियोजना की दोनों फेज की विस्तृत जानकारी दी तथा इस महत्वपूर्ण परियोजना के स्थानीय ग्राम स्तर पर संभावित उपयोग का विवरण दिया गया।

---

## संस्कृत व्याख्याता राधिका को वापस लाने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

नरहरपुर तहसील के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरादहा के संस्कृत व्याख्याता शिक्षका राधिका ध्रुव को कांकेर के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ हैं। शाउमावि उमरदाह के शिक्षकों व ग्रामीणों संस्कृत व्याख्याता शिक्षका को वापिस लाने की मांग को लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय जुर्री के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन सोपाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षका राधिका ध्रुव 24 जुलाई 2017 से 2020 तक शाउमावि उमरदाह में संस्कृत व्याख्याता पद पर पदस्थ रहें, परंतु अर्जित अवकाश में जाने के बाद शिक्षका राधिका ध्रुव को कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में पदस्थ कर दिया गया है। कांकेर में पदस्थ होने के बाद उनका वेतन शाउमावि उमरादहा से जारी हो रहा है एवं जिससे छात्र-छात्राओं को संस्कृत पढ़ाने वाला शिक्षक 4 साल से नहीं है, जिससे ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने संस्कृत की व्याख्याता राधिका ध्रुव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर को अपने मूल पदस्थ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरदाह में वापिस पदस्थ किया जाए, जिससे विद्यालय की छात्र-छात्राओं को शिक्षक की कमी न हो इसके लिए ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन सौंपने में बलराम भास्कर, हेमलाल नाग, राम नरेटी, सदाराम मंडावी, बलीराम मंडावी, शाहिद भारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

## एक पेड़ माँ के नाम के तहत गोयल ग्रुप ने लगाए पौधे

**दुर्गुकोंदल।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत देश भर में लोग वृक्षारोपण के कार्य से जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य देश भर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षों का रोपण करना है ताकि पर्यावरण में संतुलन बिठा कर आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। इसी तारतम्य में दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम हाहालद्दी में संचालित बजरंग आयरन ओर माइंस में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत गोयल ग्रुप के निदेशक एसके गोयल ने स्वयं खदान के अंदर काजू का पौधारोप कर किया। उनके अलावा गोयल ग्रुप के वरिष्ठ महाप्रबंधक सुरेश अग्रवाल व डीके मोहन्ता, उप महाप्रबंधक जीआर तेलंग, सहायक महाप्रबंधक डीएन मोहन्ता व केसी घोषाल तथा गोयल ग्रुप के अन्य कर्मचारियों नें भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गोयल



ग्रुप के वरिष्ठ महाप्रबंधक सुरेश अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण के प्रति हमारा संस्थान सकारात्मक सोच के साथ सदैव अपनी सहभागिता निभाने के लिए तत्पर रहता है, इसलिए आज हमारे संस्थान द्वारा वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई है और इस वर्ष सिर्फ खदान क्षेत्र में पांच हजार वृक्षों के रोपण का लक्ष्य हमारे द्वारा निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम में गोयल ग्रुप की खदान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक पौधा मां के नाम के तहत आंबा देवगुड़ी व स्कूल में किया पौधरोपण



**नरहरपुर।** जिले के नरहरपुर ब्लॉक के अंतिम छोर में बसे ग्राम धौराभाठा मे एक पेड़ माँ के नाम पर देवगुड़ी, आंगनबाड़ी, स्कूल मे पौधरोपण किया गया। पौधरोपण में सरकारी कर्मचारीयों के साथ-साथ स्कूली बच्चे और ग्रामीणों ने भी भाग लिया एवं पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे ग्राम पंचायत सरपंच महेश नेताम ने कहा कि जल, जंगल और जमीन हमें प्रकृति से जोड़ती है। नए विज्ञान की उन्नति की राह में जंगलों पर जो आरियां चलाई गई, उसकी कीमत भी हम लोग चुका रहे हैं। खास तौर से कार्बन उत्सर्जन का वातावरण जो बना है। सरपंच ने कहा कि इसकी भरपाई पौधरोपण से हो सकती है, लेकिन सिर्फ पौधा लगाने ही नहीं उसके पांच फीट की ऊंचाई तक बढ़े होने पेड़ बनने तक चिंता करना भी जरूरी है। यह संवेदनशील तरीका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोड़ा है कि मां के साथ सेल्फी लेना या मां नहीं है तो उनके चित्र के साथ पौधा लगाना। यह संवेदना का बड़ा गहरा पक्ष है एवं हमारी पूरी संस्कृति मां आधारित है।

इस अवसर पर वनरक्षक प्रवीण सिन्हा सर, कामनी, रोजगार सहायक परमेश्वर नेताम, वार्ड पंच तुलेश्वरी सलाम, राजोबाई नेताम, ग्रामीण विश्वनाथ शोरी, किशुन कोर्राम, शिव प्रशाद जुर्री, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुंती मरकाम, गंगा सोरी, हीराबत्ती, शैलेन्द्री,बहुरी, नरेश नेताम , पुनीत राम, लखेश्वर, शिक्षक गरीब नेताम, योगेश राजपूत, मनोहर ठाकुर, संतानु पुजारी, कविता कंवर, गीता कंवर, वत्सला नेताम, विवेक, पूजा ठाकुर उपस्थित रहे।

## महेंद्रपुर आंगनबाड़ी में पौधारोपण के साथ किया टीकाकरण का आयोजन

**दुर्गुकोंदल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अन्तर्गत जल शक्ति से नारी शक्त्ति जल संरक्षण एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महेंद्रपुर आंगनबाड़ी केंद्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी में आम, जामुन, नीम के पौधे लगाए गए। बाल विकास परियोजना के सौजन्य से स्वास्थ एवं बाल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी में टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आँगनबाड़ी सेविका बिन्दा सलाम ने कहा कि बेटियों की शिक्षा एवं समानता सहित जल संरक्षण के साथ पौधों की सुरक्षा का शपथ दिलाई एवं कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मीना उइके ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति देश और समाज का आधार है। महिलाओं की परिवार और



समाज में सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है, इसलिए मातृ शक्ति को हमेशा मजबूत स्वस्थ्य होना एवं आर्थिक, शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त होना जरूरी है। बाल विकास परियोजना के सौजन्य से स्वास्थ एवं बाल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को महेन्द्रपुर आंगनबाड़ी केन्द्र में नर्स मालती मरकाम एवं शंकर कोठारी द्वारा टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीकाकरण कार्यक्रम में 9 माह से 15 माह तक के बच्चों एवं गर्भवती माताओं सहित एक लाभार्थी को पेंटा, रोटा का टीका दिया गया। आंगनबाड़ी सेविका बिन्दा सलाम ने बताया कि सरकार की ओर से महिला स्वास्थ्य एवं बाल विकास को बढ़ावा देने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र में टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और साथ ही उम्र के हिसाब से छोटे बच्चों को भी निर्धारित टीकाकरण का कार्य किया जाता है। समय-समय पर बच्चों के ग्रोथ का जाँच के लिए बाल विकास परियोजना द्वारा प्रदान की गई कीट इन्फैंटोमीटर वजन मशीन एवं फीता के द्वारा ग्रोथ की जांच की जाती है एवं समय-समय पर विटामीन ए की खुराक पिलाई जाती है। इस मौके पर मीना उइके, नर्मिला सलाम, अश्वनी जैन, महेश्वरी उयके, शशी उयके, मानो दुग्गा, शन्ता उयके उपस्थित रहे।

## फ्यूजन माइक्रो ने किया मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कांकेर।** फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के द्वारा पूर्णिमा हॉस्पिटल एनजीओ के नाम के सहयोग से 13 जुलाई कांकेर में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में लगभग 100 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले अतिथिगण पार्षद विजय नक्ष्मी कौशिक, डॉ. विनीत, डॉ. टिकेन्द्र, डॉ. अलौकिक रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कंपनी के इस निः शुल्क स्वास्थ्य जाँच कार्यक्रम की सराहना की और कार्यक्रम में आए लोगों को नियमित रूप से स्वास्थ्य की जाँच करवाने की सलाह दी और साथ ही स्वास्थ्य की किसी भी



समस्या के लिए चिकित्सक सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में आए महिला रोग विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सक ने महिलाओं और बच्चों की जाँच किया और परीक्षण के बाद विभिन्न प्रकार के टेस्ट जैसे ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, आदि भी किए एवं जाँच के बाद आवश्यकता अनुसार दवाई का वितरण भी किया गया। फ्यूजन ने अपनी जिम्मेदारियों को केवल वित्तीय लेनदेन तक सीमित नहीं रखा हैं बल्कि यह अन्य सामाजिक गतिविधियों में भी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी सीएसआर कार्यों के द्वारा अपना निरंतर योगदान दे रही है। इस अवसर पर कंपनी के प्रमुख गौरव नमी डिवीजन दिनेजर, रवि पटेल बेनीय प्रबंधक, आजय गौतम व्यवस्थापक, शिवम गौतम शाखा चंपा, विश्वनाथ, देवेन्द्र नंदिनी बसती, चंपा आदि उपस्थित रहे।

## कोड़कुर्से के प्रवेशोत्सव, पुस्तक और गणवेश का किया वितरण

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय पूर्व माशा, पीएम माशा व प्राशा, प्राशा कन्या आश्रम कोडेकुसे में शाला प्रवेशोत्सव का मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक वंदन कर व मुंह मीठा करा कर पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नारायण पटेल के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया।

मुख्य अतिथे ने बच्चों को अनुशासन में सदुपयोग करते हुए पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधान अध्यापक सरस्वती गायकवाड़ के द्वारा विद्यालय के विगत वर्षों की उपलब्धि में एवं इस वर्ष विद्यालय के लक्ष्यों को समुदाय के समक्ष रखा एवं गुणवत्ता



मुक्त शिक्षा बच्चों को प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम में माध्यमिक प्रधानाध्यापक अरुण मरकाम, राजक्ती उयके, सतोष सलामे एवं सम्पूर्ण स्टाफ उपस्थित रहे। अमरचंद जैन एवं राघुनन्दन गोस्वामी के द्वारा प्रवेशोत्सव के उपलक्ष्य में बच्चों को न्योता भोजन के रूप में खीर पुड़ी खिलाया गया, जिसके लिए शाला परिवार एवं विद्यार्थियों के द्वारा आभार प्रकट किया गया।

## मांझापारा हाईस्कूल पालकों के साथ मनाया प्रवेशोत्सव



**कांकेर।** प्रदेश में नई शैक्षिक सत्र 2024-25 की शुरुआत के साथ राज्य भर के स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। कांकेर के शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मांझापारा महादेव वार्ड के सभी पालकगणों के साथ कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के फोटो में माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में महादेव वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सैय्यद मासूद अली ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए स्वास्थ्य संबंधी शारीरिक शिक्षा, नैतिक मूल्यों की शिक्षा अपने पारंपरिक संस्कृति को सहेजने और उसे निभाने की प्रेरणा अपने जीवन में घटित उदाहरणों को देकर छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को देखकर प्रफुल्लित होकर अपने बचपन और स्कूली जीवन की अनुभवों और घटनाओं को छात्राओं के बीच साझा किया। उनके स्वागत में छात्राओं द्वारा मंगलाचरण नृत्य, स्वागत गीत एवं स्कूल चले हम गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मासुक अली ने वृक्षारोपण किया। प्राथमिक एवं माध्यमिक खंड के द्वारा आयोजित न्यौता भोज में छात्राओं के साथ सम्मिलित होकर न्यौता भोज ग्रहण किया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य पीके विश्वास, संकुल समन्वयक रोमन जैन, संतानु कलिहारी, तुफैल अहमद, गोपाल जैन, धीरज रजक, रश्मि चतुर्वेदी, लीना ओटी, कृष्णा नाग, बबिता ठाकुर, कल्पना हलदार, नंदिता चतुर्वेदी, रामभजन नेताम, नागेश ओट्टी, वंदना झा, अविनाश मरकाम, गोदावरी जायसवाल, नसीम बनो खान उपस्थित रहे।

---

**गिरदावली का कार्य होगा प्रभावित**

# पटवारी संघ का 32 सूत्रीय माँगों पर हड़ताल जारी व छात्र हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

राजस्व पटवारी संघ छग के बैनर तले 32 सुत्रीय पुरानी माँगो एवं मुईया सार्फटवेयर में हो रही समस्यों को लेकर तहसील शाखा चारामा के सभी पटवारी 08 जुलाई से अनिचितकालीन हड़ताल पर चले गए है। शनिवार को भी पटवारी संघ कोरर चौक में हड़ताल पर डटे रहे, जिसके दोपहर बाद पटवारी संघ समय से पहले ही धरना स्थल से उठ गए। पटवारियों के धरने से वर्तमान में नए शिक्षा सत्र के लिए छात्र छात्राओं के जाति निवास बनाने में दिक्कते होगी वहीं 15 जुलाई से गिरदावली का कार्य किया जाना है। पटवारियों के धरने में विकासखण्ड चारामा के सभी पटवारी धरने में शामिल रहे और मांग पुरी नहीं होने तक धरने पर बैठे रहने की बात कही।

पटवारी संघ की माँग है कि पटवारियों को आवश्यक संसाधन एवं नेट मत्ता दिया जाए, ऑनलाईन नक्सा बटांकन प्रक्रिया एवं उसका सर्वर सही किया जाए, जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरो की पदस्थाना की जाए, त्रृटिपुर्ण खसरे को शुद्ध एवं विलोपित करने का आप्शन दिया जाए। मुमि के कय विकय में जितने रकबे का विक्रय होता है उसका उल्लेख स्वतः ही मुईयाँ पोर्टल में प्रविष्ट किया जाए, दुसरे राज्य



से आए व्यक्ति के द्वारा खरीदी की गई जमीन के लिए युक्तियुक्त सुधार किया जाए, संकलन, विलोपन संशोधन के नाम पर पटवारियों के खिलाफ दुर्भावनापुर्वक कार्यवाही पर रोक लगाई जाए, किसानों द्वारा समिति या बैंक के माध्यम से लिए गए कर्ज को चुकता किए जाने के बाद ऑनलाईन मुईया से बैंक बंधक को हटाए जाने की प्रकिया की जाए, डिजिटल टोकन के लिए खर्च दिया जाए, ऑनलाईन रिकार्ड में आधार नम्बर एंव मोबाईल नम्बर, किसान किताब नम्बर की प्रविष्टि नहीं होने पर पटवारी के उपर कार्यवाही नही की जाए, ऑनलाईन रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रक्रिया को हिन्दी मे की जाए, वर्तमान में प्रदेश स्तर पर 100 प्रतिशत नक्शा बटांकन का दवाब बनाया जा रहा है, जबकि वर्तमान में किसानी का कार्य चल रह है, जिसमे किसान व्यस्त है और बटांकन का कार्य करने में दिक्कते आ रही है, जिसके लिए पटवारीयों को दोषी न ठहराया जाए, खसरो में कमांकन एवं नई राजिस्ट्री और नामांतरण के बाद भी खसरे में पुराने नुस्वामी का नाम दर्ज हो गया है, जिसके लिए पटवारियों को दोषी ठहराया जा रहा है, जो न्याय संगत नही है। वर्ष में 02 बाद उपायुक्त कार्यालय द्वारा पटवारियो का बस्ता जाँच किया जा है जबकि वर्तमान में सभी प्रकार के राजस्व अभिलेख ऑनलाईन है, इसलिए बस्ता जॉच प्रथा पर रोक लगाई जाए, अधिकतर समय मुईया सर्वर वीमा रहता है, इसलिए मुईयों में ऑनलाईन में कार्य करने का समय कार्यालय समय अनुसार 10 बजे से 05 बजे तक किया जाए, मुईया में कई प्रकार की विसंगतियो के कारण एक ओर जहाँ पटवारी का कार्य करने में परेशानी हो रही है वही दुसरी ओर खाताधारको नुमि स्वामियो कृषको को भी अनावष्यक न्यायालयीन कार्यवाही का सामना करना पड रहा है, इसलिए कृषको के हित मे साफटवेयर में सुधार करने का कष्ट करे और साथ ही मुईया साफटवेयर में सुधार करने के साथ ही जिम्मेदार अधिकारियो की जवाबदारी तय की जाए सहित अन्य मोंगो को लेकर पटवारी धरने पर बैठे हुए है। खेती के इस समय किसानों को खाद बीज के लिए नक्शा एवं अन्य दस्तावेजों की आवश्यक्ता होती है, जो पटवारी के माध्यम से बनाए जाते है। ऐसे में ये सभी कार्य सहित अन्य कार्य भी प्रभावित होगे।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ब्रेमदी, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है